




## एक नजर में



### पांडालों में पत्नि संग पहुंचे विधायक ने की पूजा अर्चना

**सीहोर.** श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव के साथ शारदीय नवरात्रा पर्व शहर में मनाया जा रहा है. शहर में कई समितियों द्वारा पंडालों में मातारानी की प्रतिमाएं विराजित की गई है. विधायक सुदेश राय और समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय नमक चौराहा एवं कोतवाली चौराहा स्थित माता जगदंबा के दरबार में आयोजित आरती में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए. उन्होंने माता रानी के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर आरती की. नमक चौराहा एवं कोतवाली चौराहा दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक राय और समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय का स्वागत किया. उन्होंने दुर्गा भवानी माता जगदंबा से नागरिकों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर समिति सदस्यों के द्वारा की गई.



### संभागीय कला उत्सव में संगीत विद्यार्थियों की धमक

**आष्टा.** संभागीय कला उत्सव में आष्टा के सीएम राइज विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया. संगीत शिक्षिका स्वाति राठौर ने कहा यह मेरे लिए गौरव का क्षण है कि मेरे विद्यार्थी संभाग स्तर पर सफलता की ऊंचाइयां छू रहे हैं. राजधानी में आयोजित इस उत्सव में तबला वादन में आशय जायसवाल, गायन में कुणाल ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया. हारमोनियम वादन में कार्तिक यादव और वाद्यवृंद प्रतियोगिता में सुमित वंश समूह ने दूसरा स्थान पाया. प्रतियोगिता में सीहोर, भोपाल, विदिशा, रायसेन और राजगढ़ जिलों के चुनिंदा छात्र शामिल हुए थे.




### चेन्नई साइक्लोथॉन में युवा डॉ. अभिषेक शर्मा ने किया कमाल

**सीहोर.** चेन्नई में आयोजित साइक्लोथॉन प्रतियोगिता में जिले केयुवा डॉक्टर अभिषेक शर्मा ने शानदार प्रदर्शन कर शहर और जिले का नाम रोशन किया. उन्होंने मात्र 24 मिनट 5 सेकंड में 25 किमी की दूरी पूरी कर सबको चौंका दिया. विशेष बात यह रही कि उन्होंने 1 किमी की दूरी एक मिनट से भी कम समय में तय कर अपनी फिटनेस और जुनून का परिचय दिया. इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित होकर टीम इंडिया के पूर्व कोच सुरेश ने डॉ. शर्मा को सम्मानित करते हुए उन्हें उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की. डॉ. अभिषेक शर्मा की इस उपलब्धि पर समाजसेवी अखिलेश राय ने उनका स्वागत किया.

# डीटीओ का अभियान, डीपीसी पकड़ रहे वाहन

## इन दिनों परिवहन विभाग चला रहा विशेष चैकिंग अभियान, फिर भी नियम विरुद्ध जिले में दौड़ रहे स्कूली वाहन

- विभाग की नजर नहीं गई पर डीपीसी ने पकड़े स्कूली वाहन
- नियम विरुद्ध चल रहे वाहन, संचालकों को देंगे नोटिस

नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 सितंबर. परिवहन विभाग का कमर्शियल वाहनों की जांच के साथ-साथ स्पेशल इन्फोर्समेंट ड्राइव (विशेष चैकिंग अभियान) सिर्फ कागजों में दिखाई दे रहा है. अभियान के तीसरे दिन बुधवार को शहर सहित आसपास बिना परमिट और नियम विरुद्ध धड़ल्ले से वाहन दौड़ते नजर आए. इसका प्रमाण यह है कि रविवार को खुद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जब नियम विरुद्ध चल रहे स्कूल वाहनों को देखा तो उन्हें रोककर चेतावनी दी और स्कूल प्रबंधन को नोटिस भेजने की बात कही. वहीं इन वाहनों पर परिवहन विभाग की नजर नहीं जाना आश्चर्य का विषय है.**

गौरतलब है कि परिवहन विभाग ने 22 सितंबर से पूरे प्रदेश में विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है. इस अभियान के तहत वाहनों का परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी सर्टिफिकेट आदि जांच की जाना है. यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. वाहनों में ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग, बसों में क्षमता से अधिक सवारी होने पर सख्ती की जाएगी. लेकिन बुधवार को नियम विरुद्ध स्कूल वाहन चलते नजर आए.



**सीहोर.** जिला परियोजना समन्वयक आरआर उईके द्वारा नियम विरुद्ध संचालित हो रहे स्कूली वाहनों की धरपकड़ की.

दरअसल बुधवार को डीपीसी आरआर ऊईके निजी स्कूलों को चेक करने जा रहे थे. इस दौरान उनकी नजर सड़कों पर तेज व लापरवाहीपूर्वक चल रहे स्कूली वाहनों पर पड़ी. उन्होंने जब स्कूल वाहनों को चेक किया तो पता चला कि यह वाहन स्कूली बच्चों को ले तो जा रहे थे, लेकिन हकीकत में ये वाहन किसी स्कूल में अटैच न होकर निजी वाहन थे. बताया जाता है कि इन वाहनों में न तो सुरक्षा के इंतजाम थे और न ही दस्तावेजों की पूर्ति थी। इन वाहनों में न तो स्कूल स्टाफ था और न ही सीसीटीवी कैमरे थे. सुरक्षा उपकरण और अलार्म भी नहीं था। स्कूली बच्चों को ले जा रहे वाहन में इतनी लापरवाही देख डीपीसी आरआर ऊईके भी हैरान रह गए. डीपीसी उइके ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिन स्कूलों के बच्चे वाहनों में बैठे थे उन सभी स्कूलों को नोटिस जारी किए जाएंगे. इस कार्रवाई से स्पष्ट हो गया है कि अभियान सिर्फ रस्मअदायगी के लिए है. नियमों को धता बताते वाहन दौड़ रहे हैं. परिवहन विभाग के अभियान में कमर्शियल वाहनों के परमिट, बीमा, फिटनेस चेक किए जा रहे हैं. अग्निशमन यंत्र लगे हैं या नहीं. फर्स्ट एड किट है या नहीं. रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगी है या नहीं. यह देखा जा रहा है. वाहन की ओवर स्पीडिंग, ओवरलोडिंग होने पर कार्रवाई की जा रही है.

### अब तक 40 वाहनों पर की है कार्रवाई

विभाग का अमला हर दिन जिले में अलग-अलग जगह कार्रवाई कर रहा है. पिछले तीन दिन में विभाग ने 40 वाहनों पर जुर्माना किया है। अब तक 1 लाख से ज्यादा का राजस्व वसूला गया है. बिना परमिट की एक बस पर 42 हजार का जुर्माना किया गया है. आगे भी यह कार्रवाई सतत जारी रहेगी. इसके बाद भी यदि इस तरह की लापरवाही हो रही है तो कार्रवाई करेंगे.

**रितेश तिवारी,**
जिला परिवहन अधिकारी

### जिले में धड़ल्ले से दौड़ रहे जर्जर व खस्ताहाल वाहन

एक तरफ परिवहन विभाग का अभियान चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कंडम हालत के सवारी वाहन भी धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों का इस पर ध्यान ही नहीं है. यही नहीं ओवर लोडिंग पर भी लगाम नहीं है। खुद आरटीओ कार्यालय के सामने से ही भोपाल से आने वाले ऑटो में ओवर लोड सवारियां निकल रही हैं. स्थिति यह होती है कि कई बार ये सवारी ऑटो ओवरलोडिंग के कारण अनियंत्रित होकर पलट भी गए, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं. सीहोर से श्यामपुर, शुजालपुर रोड पर कई बसें भी ऐसी चल रही हैं जिनकी हालत बहुत खराब है. इस पर भी ध्यान देना चाहिए.

### प्रशिक्षु 11 एएसपी ने देखी व्यवस्थाएं



**रेहटी.** मप्र पुलिस अकादमी में प्रशिक्षणरत 44 वीं उप पुलिस अधीक्षक बैच के 11 प्रशिक्षु अधिकारी 07 पुरुष एवं 04 महिलाओं ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण किया. भ्रमण के प्रथम दिन प्रशिक्षु अधिकारियों ने सलकनपुर देवीधाम मंदिर एवं नवरात्रि पर्व पर प्रशिक्षण की दृष्टि से मंदिर व्यवस्था, मेला व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के दौरान की जाने वाली सुरक्षा एवं व्यवस्थाएं दिखाई गई तथा व्यवस्थाओं की कार्यप्रणाली को बताया गया. दूसरे दिन एसपी दीपक कुमार शुक्ला से भेंट के साथ-साथ प्रशिक्षण के विषय में चर्चा के लिए कार्यालय में बैठक आयोजित की. इस दौरान एएसपी सुनीता रावत, एसडीओपी सुश्री पूजा शर्मा, डीएसपी अनिल सिंह, हेमन्त, रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र यादव, सूबेदार प्राची राजपूत की उपस्थिति में चर्चा की गई. इस दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं, कानून-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, वर्क फोर्स मैनेजमेंट, मेन पॉवर मैनेजमेंट, जिले की विशिष्टताएं एवं आंतरिक सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर जानकारी दी गई.

# चैकिंग का भय दिखाकर बुजुर्ग महिला से ऐंठ ले गए जेवर

- शाहगंज में बुधवार की सुबह महिला से हुई जालसाजी
- पुलिस ने आरोपियों की तलाश में खंगाले सीसीटीवी कैमरे

नवभारत न्यूज

**शाहगंज 24 सितंबर.** नवरात्रि पर्व को लेकर शहर से पदयात्रियों का गुजरना रात- दिन हो रहा है. इसके बाद भी बुधवार की सुबह बाइक सवार बदमाशों ने सुबह की सैर पर निकली एक बुजुर्ग महिला को पुलिस चैकिंग का भय दिखाकर उसके सारे जेवर उतरवाए और कागज की एक पुड़िया में बांधकर साड़ी के पल्लू में बांधने का नाटक करते हुए नकली अंगूठी बांधकर दो लाख रुपए कीमत के जेवर ले उड़े. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की



तलाश प्रारंभ कर दी है.

जिले में इन दिनों आपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं. जिला मुख्यालय पर जहां चोरों ने पुलिस की नाक में दम कर रखा है, वहीं इछावर तहसील के ग्राम सिराड़ी में भी चोरों ने दिन- दहाड़े वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है.वहीं अब शाहगंज में आपराधिक तत्व सक्रिय हो गए हैं. बुधवार की सुबह उन्होंने मार्निंग वॉक पर निकली एक बुजुर्ग महिला के लगभग दो लाख रुपए कीमत के जेवरात ले लिए और रफूचक्कर हो गए. जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 7.15 बजे शाहगंज निवासी फरियादी खेमवती साहू पत्नी रामचरण साहू अपने नाती को स्कूल बस में बैठाकर मॉर्निंग वॉक पर गई थी तभी एमपीईबी ऑफिस के करीब बाइक सवार बदमाश आए और महिला से कहा कि आगे पुलिस चेकिंग चल रही है अपने जेवरात निकाल कर साड़ी के पल्लू में बांध लो। महिला के जेवर जिसमें सोने का मंगल सूत्र, कान टॉप्स और सोने की अंगूठी निकलवा ली और साड़ी के पल्लू में एक नकली अंगूठी बांधकर बदमाश बाइक पर सवार होकर चलते बने. कुछ दूर जाकर महिला को शक हुआ तो उन्होंने पुड़िया खोलकर देखी तो उसमें नकली अंगूठी देखकर उनके पैरों के नीचे की जमीन ही खिसक गई. हतप्रभ महिला ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की बात घर पहुंचकर परिजनों को बताई और पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. मामले में एसडीओपी रवि शर्मा का कहना है कि यह पूरी तरीके से जालसाजी का मामला है. पुलिस जांच कर रही है जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान ने बताया कि महिला ने जो सूचना दी है उसके अनुसार बाइक पर आए दो लोगों ने महिला के साथ जालसाजी की और लगभग दो लाख रुपए के गहने लेकर चले गए हैं, मामले में जांच की जा रही है.

# न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 सितंबर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने जिला जेल का निरीक्षण किया. इस अवसर पर जिला जेल में बंदियों के लिए विधिक जागरुकता शिविर भी आयोजित किया गया.

निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने पाकशाला, जेल लीगल एड क्लीनिक, जेल डिस्पेंसरी, महिला सेल, बंदियों के बैरक, पानी एवं रोशनी की व्यवस्था, डॉक्टरों की उपलब्धता, बीमार बंदियों के उपचार स बंधी सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता आदि का निरीक्षण किया. साथ ही बंदियों एवं महिला बंदियों के पोषण, भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं तथा उनके प्रकरणों की प्रगति के स बंध में से जानकारी ली. उन्होंने बंदियों की समस्याओं को सुना तथा त्वरित निराकरण के संबंधितों को निर्देश दिए. इस दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, जेल उप अधीक्षक अक्षय कुमार सिंहोतके एवं बंदी उपस्थित थे.

कार्यक्रम में न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने जेल के बंदियों के अधिकारों, निशुल्क विधिक सहायता व सलाह, प्लीबारगेनिंग, जेल लीगल एड क्लीनिक, अपील के प्रावधान के बारे में जानकारी दी.

# सड़क की मरम्मत किए बिना ठेकेदार ले गया सामान

- मरम्मत के लिए जेसीबी से खुदवाया रोड ऐसे ही छोड़ गए
- खुदी पड़ी सड़क से ग्रामीणों को हो रही काफी दिक्कतें

नवभारत न्यूज

**इछावर 24 सितंबर.** तहसील अंतर्गत ग्राम फांगिया में प्रधानमंत्री योजना के तहत कई सालों पहले सड़क बनाई गई थी. जो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी. पंचायत से लगाकर बी ग्राम इमली चौराहा तक मरम्मत कार्य कराने रोड़ को जेसीबी से खुदवाया. ठेकेदार रेत, सीमेंट और मशीनरी ले आया. दो दिन सारा समान वहीं पड़ा रहा. इसके बाद ठेकेदार सारा सामान



बटोरकर ले गया और जेसीबी से खोदा गया रोड ऐसे ही छोड़ गया.

खुदे पड़े रोड़ से ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.कुछ लोगों ने सामान ले जाते समय विरोध किया पर उनसे ठेकेदार के मजदूरों ने कहा कि पहले दूसरा ग्राम का रोड़ बना कर आएंगे फिर यहां का बनाएंगे और अब बोल रहे हैं कि यह रोड़ कैंसिल हो गया. इधर प्रधानमंत्री सड़क योजना के इंजीनियर महेश गोयल का कहना है कि फांगिया की सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना की नहीं है हमने गलती से वहां सामान डलवा दिया था.

### दीपावली के बाद शुरू होगा काम

प्रधानमंत्री सड़क योजना के ठेकेदार ने ग्राम की क्षतिग्रस्त सड़क को खुदवा कर फिर से बनवाने के लिए सामान डलवाया था. अब यहां से सामान भरकर अन्य जगह ले गए हैं. पर हमारी बात उनसे हुई है तो उन्होंने बोला है हम दीपावली के बाद बनाएंगे.

**राजेन्द्र विश्वकर्मा,**
पंचायत सचिव, फांगिया

### चार दिवसीय गरबा वर्कशाप प्रारंभ

**सीहोर.** नवरात्रि का पर्व मां की अराधना का पर्व नगर में उत्साह व उमंग के साथ मनाया जा रहा है. आगामी 28 सितंबर को नगर में कुईया गार्डन में सिद्धपुर गरबा उत्सव का आगाज होने जा रहा है. इसके अन्तर्गत नि:शुल्क चार दिवसीय गरबा वर्कशाप की शुरुआत बुधवार को माता की पूजा अर्चना के पश्चात हुई. इस अवसर पर समिति संरक्षक अधिवक्ता राजेश काशिव ने माता की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया. कोरियोग्राफर्स मुस्कान अग्रवाल द्वारा चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा. वर्कशाप में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुई.

# उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया रासेयो दिवस

- समाजसेवी अखिलेश राय ने बांटे प्रमाण पत्र
- अतिथियों का रासेयो बेज लगाकर किया गया स्वागत

नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 सितंबर.** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की वर्षगांठ मनाई गई. कार्यक्रम के शुभारंभ पर स्वयंसेवक दर्शना दोहरे, जानवी बैरागी एवं प्रीति परमार द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई.

मुख्य अतिथि समाजसेवी अखिलेश राय एवं विशेष अतिथि डॉ.गगन नामदेव, प्राचार्य सुनीता




जैन, डॉ राजेंद्र देशमुख, भौतिक विदारविंद पटेल का रासेयो वेज लगाकर स्वागत किया.

डॉ गगन नामदेव ने स्वामी विवेकानंद एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के दर्शन एवं कार्य से अवगत कर लक्ष्य निर्धारण एवं कठोर परिश्रम के लिए प्रेरणा दी. समाजसेवी श्री राय ने कहा कि महान व्यक्तियों को केवल सुनने नहीं अपितु उनके बताए हुए पथ पर चलने की आवश्यकता है.

### सलकनपुर पदयात्रा पर निकले श्रद्धालु

**सीहोर.** मानव आधार सेवा संस्थान द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित सलकनपुर तक पदयात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली. यह यात्रा बुधवार की रात्रि में सलकनपुर स्थित मां विन्ध्यवासिनी देवी के दरबार विजयासन धाम पहुंची. . यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए. पदयात्रा के दौरान नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया. समिति ने यात्रियों के लिए भोजन, ठहरने और चिकित्सकीय सुविधा का समुचित प्रबंध किया है. यात्रा का नेतृत्व मानव आधार सेवा संस्थान के अध्यक्ष विपिन राठौर, यात्रा अध्यक्ष मयंक राठौर, विशाल सोलंकी, राहुल सिसोदिया, देवेंद्र मेवाड़ा, अमित राठौर, योगेश लोधी, शुभम राठौर व समिति के सदस्यों ने किया.

धार्मिक

शारदीय नवरात्रि में विजयासन देवी के दर्शन करने उमड़ रही भक्तों की भीड़

# विंध्यवासिनी विजासन देवी, जहां हर भक्त की पूरी होती है मनोकामना

एसके चौहान

**सलकनपुर 24 सितंबर.** शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हुए तीन दिवस बीत चुके हैं. प्रदेश भर में जहां चारों ओर नवरात्रि की धूम देखी जा रही है. वहीं देवीधाम सलकनपुर में देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए आते हैं. विशेष तौर से नवरात्रि में मां विंध्यवासिनी विजासन के दर्शन का कुछ अलग ही महत्व माना जाता है. जहां दूर-दूर से श्रद्धालु पैदल एवं निजी वाहनों से चरण दंडवत करते हुए श्रद्धालु रोपवे सड़क मार्ग और सीढ़ियों द्वारा मंदिर पहुंचते हैं.

प्रदेश में प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीधाम सलकनपुर की उत्पत्ति एवं प्राकट्य एवं मंदिर निर्माण को लेकर लोगों के मन में हमेशा जिज्ञासा रही है कुछ जानकारों का मानना है कि यहां मां का आसन गिरने से विजासन धाम नाम पड़ा. जिसका उल्लेख महापुराण श्रीमद् भागवत कथा में है. मां विजासन मंदिर निर्माण के संबंध में कहा जाता है कि आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व बंजारा द्वारा उनकी मनोकामना पूर्ण होने पर इस मंदिर का निर्माण किया गया था.

विंध्यवासिनी मां विजासन की वैसे तो प्रात: साढ़े 5, दोपहर में साढ़े 12 बजे, शाम को साढ़े 7 बजे दिन में तीन बार आरती होती है. जबकि नवरात्र के समय में यहां पांच बार आरती होती है. आरती का समय सुबह 5.30, 9.30, दोपहर 11.30, शाम 7.30, रात 9.30 बजे शयन आरती होगी. श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर बालागुरु के निर्देशानुसार दर्शनार्थियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए पार्किंग, पेयजल, पर्याप्त बिजली व्यवस्था की गई है. असुविधा से बचने के लिए हेल्प डेस्क बनाए गए हैं. श्रद्धालुओं के आने एवं जाने के लिए रास्तों में सुगमता लाई गई है, पुलिस कर्मियों की पर्याप्त ड्यूटी लगाई गई है. वहीं दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए सराहनीय चिकित्सकीय व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की गई है.

### शिवराज की दिलचस्पी से निखरा देवीलोक सलकनपुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का मां विजासन धाम से पुराना नाता रहा है. नवरात्रि में प्रतिवर्ष परिवार सहित पूजन करने जरूर आते हैं. मुख्यमंत्री रहते हुए चौहान द्वारा सलकनपुर को बहुत बड़े पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के सपने को सरकार करते हुए. प्रदेश शासन द्वारा करोड़ों की लागत से बनने वाले देवी लोक की आधारशिला रखी थी जो अब मूर्त रूप ले चुकी है. बताया जा रहा है कि लाखों करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र सलकनपुर में बना रहे देवीलोक को इसी वर्ष में पूर्ण कर लिया जाएगा.



# जयंती महोत्सव के समापन पर बांटे पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 सितंबर.** अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन विगत सात दिवस से किया जा रहा था. इसके अंतिम दिन चल समारोह के पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया.

मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता एवं अग्रवाल महिला मंडल की मोहिनी अग्रवाल ने बताया अग्रसेन जयंती महोत्सव में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया हर वर्ग के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जयंती दिवस के दिन सभी को पुरस्कार दिए गए एवं जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा भी निकाली गई. समाज की प्रतिभाएं हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में सर्वाधिक अंक वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया. वहीं विशिष्ट सेवा सम्मान स्वर्गीय घनश्याम दास बिरला की स्मृति में समाज सेवा सम्मान 20 वां वर्ष



आयोजित श्रीमती मनोरमा मित्तल को अग्रवाल नवयुवक संघ द्वारा प्रदान किया गया. पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान विद्युत मंडल कंपनी के रविंद्र अग्रवाल, रेशम अग्रवाल, निलेश जयपुरिया, रुक्मणी रोहिला, राजकुमार गुप्ता, आशीष गुप्ता, विष्णु भारतया, भारत अग्रवाल, अजय अग्रवाल आदि स्वजातीय बंधु मौजूद थे.